आकाशवाणी श्री विजयपुरम

29.01.2025 समय : 1850

- राजधानी के रायसीना हिल्स और श्री विजयपुरम में हुआ बीटिंग रिट्रीट समारोह का भव्य आयोजन–तीनों सेनाओं और पुलिस बैंड ने दीं शानदार प्रस्तुतियां ।
- सरकार ने चौंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को दी मंजूरी ।
- उत्तराखण्ड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में महाराष्ट्र दो स्वर्ण सहित कुल चार पदकों के साथ पहले, मणिपुर एक स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे और मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है।
- श्री विजयपुरम के हम्फ्रीगंज में कल इक्यासीवीं शहादत वर्षगांठ मनाई जाएगी।

<><><><><><>

भारत के छियहत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य समापन आज रायसीना हिल्स की राजसी पृष्ठभूमि में विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट समारोह के साथ हुआ। इस वर्ष के समारोह में भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड द्वारा तीस आकर्षक भारतीय धुनों का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ–साथ अन्य केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और आम जनता शामिल थे। समारोह की शुरुआत सामूहिक बैंड द्वारा शानदार धुन 'कदम कदम बढ़ाए जा' बजाने से हुई। आईएएफ बैंड ने 'गैलेक्सी राइडर', 'स्ट्राइड' और 'रूबरू' जैसी धुनें पेश की, जबकि आईएन बैंड ने 'राष्ट्रीय प्रथम', 'आत्मनिर्भर भारत', और 'जय भारती' जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। आईए बैंड ने 'वीर सपूत', 'मेरा युवा भारत', और 'ध्रुव' बजाया।

श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में भी आज बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेना, नौसेना, अंडमान निकोबार पुलिस और अंडमान निकोबार महिला पुलिस बैंड ने प्रस्तुतियां दीं। इन बैंडों की विभिन्न धुनों पर प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इसके बाद चारों बैंडों ने सामूहिक रूप से ....सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा....की धुन पर प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों में देशभक्ति का समा बांध दिया। समारोह में स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बीटिंग रिट्रीट समारोह के समापन से पहले भव्य आतिशबाजी भी की गई।

<><><><><><>

सरकार ने चौंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। हरित प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीला मूल्य श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया है। आज नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये खनिज प्रौद्योगिकियां ऊर्जा संक्रमण, कृषि, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन, एयरोस्पेस, परमाणु और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खनिजों की खोज, खनिज ब्लॉकों को प्राप्त करने और खनिजों के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए देश की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस मिशन को मंजूरी दी गई है। सरकार ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद की है। इसके परिणामस्वरूप एक लाख तेरह हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। उन्होंने

कहा कि इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से किसानों को भी लाभ हुआ है और पिछले वित्तीय वर्ष में किसानों को इसके लिए चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

<><><><><>

वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का बजट पेश करेंगी। इसमें सरकार की आर्थिक प्राथमिकताएं और घरेलू तथा वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए वित्तीय रणनीतियां होंगी। विशेषज्ञ और लोगों को उम्मीद है कि इस बार सरकार का ध्यान  देश में सुदृढ ढांचे के निर्माण पर जोर देकर आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और वित्तीय कुशलता पर होगा।

<><><><><>

उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की व्यक्तिगत ट्रायथलॉन में मणिपुर के सरंगबाम अथौबा मेइतेई ने स्वर्ण पदक और तेलहेइबा सोरम ने रजत पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ सचिन मिराज ने कांस्य पदक जीता। महिला व्यक्तिगत ट्रायथलॉन में महाराष्ट्र की डॉली देवीदास पाटिल ने स्वर्ण पदक और मानसी विनोद मोहिते ने रजत पदक जीता। मध्य प्रदेश की आद्या सिंह ने कांस्य पदक हासिल किया। पदक तालिका में महाराष्ट्र दो स्वण सहित कुल चार पदकों के साथ पहले, मणिपुर एक स्वर्ण और एक रजत के साथ दूसरे और मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर है।

<><><><><>

द्वीपसमूह में कल इक्यासीवीं शहादत वर्षगांठ मनाई जाएगी। राजकीय शहीद स्मारक हम्फ्रीगंज स्थित बलिदान वेदी पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। तीस जनवरी उन्नीस सौ चवालीस में जापानी सेना ने झूठे जासूसी के आरोप में चवालीस द्वीपवासियों को मार गिराया था।

इस बीच, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कल दिन में दस बजकर उनसठ मिनट पर सुनामी सायरन बजाया जाएगा और दो मिनट का मौन रखा जाएगा ।

<><><><><>

वर्जिन नारियल तेल के उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, लेबलिंग और विपणन पर कल ननकौड़ी ब्लॉक के अंतर्गत पिलपिल्लो और छोटा इनाका गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ननकौड़ी ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनूस एम ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य आदिवासी महिलाओं को आजीविका प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है।

यह प्रशिक्षण निकोबार द्वीपसमूह के लिए वर्जिन नारियल तेल का एक अनूठा और विशिष्ट स्वयं सहायता समूह के लिए ब्रांड स्थापित करने की योजना का हिस्सा है, जिसे हाल ही में प्रतिष्ठित भौगोलिक संकेत–जी आई टैग मिला है।

<><><><><>

स्वास्थ्य विभाग की ओर से लेप्रोसी यानी कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कुष्ठ रोग दिवस के मौके पर कल श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में निदेशक स्वास्थ्य डॉ. एच. एम सिद्दा राजू इस अभियान का शुभारंभ करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के उप–निदेशक कुष्ठ रोग डॉ. आर.बी अजित कुमार ने आकाशवाणी को

बताया कि कुष्ठ रोग के बारे में जन–चेतना विकसित करने के लिए यह अभियान सभी स्थानों पर चलाया जाएगा।

<><><><><>

गैर सरकारी संगठन ''विद यू'' की ओर से वंचित छात्रों को उनकी शैक्षणिक गतिविधियों में सहायता करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस सिलसिले में डेयरी फार्म स्थित सेवा निकेतन में रहने वाले कक्षा दसवीं और बारहवीं के जरूरतमंद छात्रों को आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की गई। विथ यू की अध्यक्षा वी.के. मरियम बीबी ने छात्रों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

<><><><><>